भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2000

दिनांक 21/03/2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

गांवों में पेयजल की व्यवस्था

2000 श्री नीरज डांगी:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में सभी गांवों में विशेषकर राजस्थान में पेयजल व्यवस्था उपलब्ध है;
(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) सरकार द्वारा वर्तमान में राज्य-वार विशेषकर राजस्थान में कितने प्रतिशत गांवों में पेयजल प्रदान किया जा रहा है; और
(घ) वर्तमान में सरकार द्वारा गांवों में पेयजल प्रदान करने के लिए कौन सी योजनाएं चल रही हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (घ): अगस्त, 2019 से, भारत सरकार राज्यों की भागीदारी से जल जीवन मिशन (जेजेएम) का क्रियान्वयन कर रही है ताकि देश में राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीण परिवारों सहित प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 2024 तक नल जल आपूर्ति उपलब्ध कराई जा सके।

जल जीवन मिशन की घोषणा के समय, 18.93 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से, 3.23 करोड़ (17%) परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना दी गई थी। अभी तक पिछले ढाई वर्षों में, 5.96 करोड़ (30.87%) ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, आज की तारीख के अनुसार, देश में 19.32 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से, 9.20 करोड़ (47.63%) परिवारों के पास उनके घरों में नल जल आपूर्ति उपलब्ध होने की सूचना है। आज की तारीख तक, राजस्थान राज्य में 1.06 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से 24.27 लाख (22.97%) परिवारों में उनके घरों में नल जल आपूर्ति होने की सूचना प्राप्त हुई है।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, ग्रामीण परिवारों में नल जल कनेक्शन की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति पब्लिक डोमेन में है और जेजेएम डैशबोर्ड के निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है:

https://ejalshakti.gov.in/jjmreport/JJMIndia.aspx

इसके अलावा, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित किए गए अनुसार, 15.03.2022 की स्थिति के अनुसार, देश के 6.05 लाख गांवों में फैली 17.01 लाख ग्रामीण बसावटों में से 78.05% आबादी वाली 13.25 लाख (77.88%) बसावटों में 40 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन (एलपीसीडी) से अधिक के आपूर्ति स्तर के साथ और 20.58% आबादी वाली 3.47 लाख (20.38%) बसावटों में तर्कसंगत दूरी पर स्रोतों से 40 एलपीसीडी से कम आपूर्ति स्तर के साथ पीने योग्य पेयजल की व्यवस्था है तथा 1.37% आबादी वाली 0.29 लाख (1.74%) ग्रामीण बसावटों में पेयजल स्रोतों में जल गुणवत्ता की समस्या होने की सूचना दी गई है। राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

***

अनुबंध-

दिनांक 21.03.2022 को राज्य सभा में उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 2000 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

(आबादी लाखों में)

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**कुल गांवों की संख्या**	40 एलपीसीडी या अधिक पीने योग्य पानी उपलब्ध कराई गई ग्रामीण बसावटों की संख्या		40 एलपीसीडी से कम पेयजल उपलब्ध कराई गई ग्रामीण बसावटों की संख्या		गुणवत्ता की समस्याओं के साथ जल स्रोत वाली ग्रामीण बसावटों की संख्या	
			बसावटें	**आबादी**	**बसावटें**	**आबादी**	**बसावटें**	**आबादी**
1.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	266	229	2.26	37	0.26	0	0
2.	आंध्र प्रदेश	18,606	35,331	250.99	13,063	130.29	94	0.61
3.	अरुणाचल प्रदेश	5,553	3,520	5.92	4,122	5.99	224	0.88
4.	असम	25,335	47,948	168.1	29,559	114.34	10,428	35.42
5.	बिहार	39,456	1,06,962	964.59	737	6.86	462	3.43
6.	छत्तीसगढ़	19,676	73,220	214.47	1,578	6.31	184	0.77
7.	गोवा	378	378	11.37	0	0	0	0
8.	गुजरात	18,191	35,996	439.61	0	0	0	0
9.	हरियाणा	6,803	7,273	177.54	134	4.07	0	0
10.	हिमाचल प्रदेश	18,150	39,691	55.91	15,475	20.24	0	0
11.	जम्मू एवं कश्मीर	6,887	7,803	51.39	8,368	58.45	0	0
12.	झारखंड	29,756	1,18,002	287.99	6,682	22.83	108	0.38
13.	कर्नाटक	28,657	23,848	213.39	34,401	223.58	0	0
14.	केरल	1,578	9,398	170.11	6,476	117.32	92	1.53
15.	लद्दाख	250	416	0.9	996	1.59	0	0
16.	मध्य प्रदेश	51,585	1,12,660	542.27	14,952	59.86	60	0.37
17.	महाराष्ट्र	40,495	54,315	351.01	45,583	330.72	50	1.31
18.	मणिपुर	2,556	1,988	16.97	988	7.27	0	0
19.	मेघालय	6,415	2,547	9.34	7,099	23.7	0	0
20.	मिजोरम	692	327	3.14	395	3.62	0	0
21.	नागालैंड	1,499	571	8.1	928	11.12	0	0
22.	ओडिशा	47,354	1,53,154	372.36	2,200	7.11	2,112	3.31
23.	पुदुचेरी	246	292	5.62	0	0	0	0
24.	पंजाब	12,009	11,984	152.79	2,360	19.92	878	10.37
25.	राजस्थान	43,364	53,331	293.43	58,220	261.39	10,428	29.84
26.	सिक्किम	440	931	1.98	1,277	2.9	0	0
27.	तमिलनाडु	12,525	57,640	346.6	21,689	122.37	0	0
28.	तेलंगाना	10,470	24,028	207.74	0	0	0	0
29.	त्रिपुरा	1,178	5,785	23.74	1,886	6.74	1,052	3.46
30.	उत्तर प्रदेश	97,568	2,51,573	1,636.52	7,807	55.57	515	5.88
31.	उत्तराखंड	15,264	19,409	37.06	19,343	34.94	4	0.29
32.	पश्चिम बंगाल	41,374	64,652	454.99	40,389	308.27	2,842	33.09
	कुल	**6,04,672**	**13,25,202**	**74,78.20**	**3,46,865**	**19,71.83**	**29,533**	**1,30.94**
प्रतिशत			**77.88**	**78.05**	**20.38**	**20.58**	**1.74**	**1.37**

स्रोत: जेजेएम-आईएमआईएस